मिशन निदेशक, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के पत्रांक - 3999/2955/प्रशि०/ आजीविका/2024-25, लखनऊ, दिनांक : 06 दिसम्बर 2024 द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में जिला मिशन प्रबंधन इकाई- गाजीपुर में कुल 11 डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन को सूचीबद्ध किया जाना है। जिसका विवरण निम्नवत है -

| क्र०सं० | थीम का नाम | डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | सोशल मोबिलाइजेशन एवं क्षमतावर्धन | 3 |
| 2 | सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन | 3 |
| 3 | सामाजिक समावेशन एवं सामाजिक विकास | 2 |
| 4 | आजीविका – फार्म | 2 |
| 5 | आजीविका - नॉन फार्म | 1 |
| **योग** | | **11** |

अर्हता निम्नवत है-

| **डिस्ट्रिक्स रिसोर्स पर्सन हेतु आवेदन अर्हता** |
|---|
| सम्बंधित विषय में स्नातक डिग्री / पी०जी० डिप्लोमा। |
| सम्बंधित थीम में 03 वर्ष का कार्य अनुभव। |
| अभ्यर्थी की आयु कम से कम 25 वर्ष होनी चाहिए। |
| अभ्यर्थी को हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषा का ज्ञान होना चाहिए। |
| अभ्यर्थी को स्मार्ट फ़ोन / एंड्राइड फ़ोन पर कार्य करने में दक्षता होनी चाहिए। |
| अभ्यर्थी को कंप्यूटर संचालन का ज्ञान होना चाहिए। |
| अभ्यर्थी गांव / ग्राम पंचायत, संकुल स्तर पर प्रशिक्षण के समय प्रतिभाग करने, समूह के बैठक एवं क्षेत्र भ्रमण में जाने को भी इच्छुक होना चाहिए इसके साथ-साथ जनपद एवं राज्य के भीतर एवं बाहर एक्सपोज़र यात्राओं एवं प्रशिक्षण के लिए जाने का भी इच्छुक होना चाहिए। |

जनपद रिसोर्स पर्सन का एम्पैनलमेंट किये जाने के संदर्भ में विस्तृत टी०ओ०आर०/ पारिश्रमिक एवं अन्य समस्त जानकारी जिला मिशन प्रबंन्धन इकाई, कार्यालय, विकास भवन, गाजीपुर से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है । आवेदन का प्रारूप **Ghazipur.nic.in** से डाऊनलोड किया जा सकता है । डी०आर०पी० हेतु इच्छुक अभ्यर्थी अपना विस्तृत बायोडाटा जनपद के **Ghazipur.nic.in** से डाऊनलोड प्रारूप पर अपनी विशेषज्ञता/विशेषज्ञताओं के साथ दिनांक-01.07.2025 से 15.07.2025 तक जिला मिशन प्रबंधक इकाई के ई-मेल **recruitmentdmmugzp@gmail.com** पर भेजेंगे। ई-मेल के विषय वाले स्थान पर एम्पैनलमेंट ऑफ़ डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन अनिवार्य रूप से लिखें। साथ ही समस्त फार्म, बायोडाटा व शैक्षिक योग्यता, अनुभव प्रमाण पत्र की हार्ड कापी कार्यालय उपायुक्त स्वतः रोजगार, विकास भवन गाजीपुर के पते पर दिनांक- 15.07.2025 तक पंजीकृत डाक से अवश्य प्रेषित करेंगे। निर्धारित तिथि के बाद के प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। **उक्त विज्ञप्ति दुबारा प्रकाशित की जा रही है अस्तु पूर्व में आवेदन किये अभ्यर्थियों को पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।**

<u>संलग्नक : **DRP BASIC INFORMATION FORMAT**</u>

**ई-मेल : recruitmentdmmugzp@gmail.com**

**पता - जिला मिशन प्रबंन्धन इकाई ,विकास भवन, गाजीपुर।**

26/6/25

**उपायुक्त (स्वतः रोजगार)**

**गाजीपुर I**

उपायुक्त स्वतः रोजगार
गाजीपुर